# Solutions For Class 8 Hindi 2026-27

**Teacher Amrendra Singh Call @ 8967311377**

## अध्याय 1. भाषा, बोली, लिॉप और व्याकरण

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-

### प्रश्न - (क) भाषा किसे कहते हैं और इसके कितने भेद होते हैं?

उत्तर : भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने विचारों, भावनाओं और सूचनाओं को व्यक्त करते हैं। भाषा के मुख्यतः दो भेद होते हैं: 1. मौखिक भाषा 2.लिखित भाषा

### प्रश्न -(ख) मौखिक भाषा और लिखित भाषा में क्या अंतर होता है?

उत्तर : मौखिक भाषा: जो हम बोलकर व्यक्त करते हैं और सुनकर समझते हैं। उदाहरण: बातचीत, भाषण। लिखित भाषा: जो हम लिखकर व्यक्त करते हैं और पढ़कर समझते हैं। उदाहरण: पत्र, पुस्तक।

### प्रश्न - (ग) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर : राजभाषा: वह भाषा जो सरकार के कार्यों में प्रयोग की जाती है। उदाहरण: भारत की राजभाषा हिंदी है। राष्ट्रभाषा: वह भाषा जो पूरे राष्ट्र की पहचान और एकता का प्रतीक होती है।

### प्रश्न - (घ) लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं चार भाषाओं की लिपियों के नाम लिखें।

उत्तर : लिपि वह प्रणाली है जिसके द्वारा भाषा को लिखित रूप में व्यक्त किया जाता है। चार भाषाएँ और उनकी लिपियाँ: हिंदी – देवनागरी लिपि अंग्रेज़ी – रोमन लिपि पंजाबी – गुरमुखी लिपि उर्दू – फारसी (पर्सो-अरबी) लिपि

### प्रश्न - (ङ) व्याकरण किसे कहते हैं और इसके कितने अनिवार्य अंग हैं?

उत्तर : व्याकरण वह नियमों का समूह है जो भाषा को शुद्ध और सही ढंग से बोलने व लिखने में सहायता करता है। इसके तीन अनिवार्य अंग होते हैं: वर्ण-विचार शब्द-विचार वाक्य-विचार

### 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

प्रश्न - (क) मौखिक भाषा को लिखने का ढंग.......... कहलाता है।

उत्तर : लिपि

प्रश्न - (ख) भारतीय संविधान द्वारा ........ भाषाओं को मान्यता दी गई है।

उत्तर : 22

प्रश्न - (ग) हिन्दी को 'राजभाषा' के रूप में ............ सितंबर ...........में स्वीकार किया गया।

उत्तर : 14 सितंबर 1949

प्रश्न - (घ) हिंदी, मराठी, नेपाली और संस्कृत भाषा की लिपि .......... है।

उत्तर : देवनागरी

प्रश्न - (ङ) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि.........कहलाती है, जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते।

उत्तर : वर्ण

3. निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) तथा गलते के सामने (X) का निशान लगाएँ-

प्रश्न - (क) भाषा शब्द की उत्पत्ति संस्कृति की 'भाष्' धातु से हुई है।

उत्तर : (✓)

प्रश्न - (ख) भारत की राष्ट्रभाषा अंग्रेज़ी मानी जाती है।

उत्तर : (X)

प्रश्न -(ग्र) भाषा को नियमों में बाँधने का काम व्याकरण करता है।

उत्तर : (✓)

प्रश्न - (घ) भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते हैं।

उत्तर : (✓)

प्रश्न - (ङ) वैज्ञानिकता की दृष्टि से देवनागरी लिपि को विश्व की सर्वश्रेष्ठ लिपि घोषित किया गया है।

उत्तर : (✓)

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प के आगे सही(✓) का निशान लगाएँ-**

(क) बालक का सर्वप्रथम परिचय किस भाषा से होता है? (अ) मातृभाषा से (ब) राजभाषा से (स) राष्ट्रभाषा से (द) साहित्यिक भाषा से

उत्तर : (अ) मातृभाषा से

(ख) ब्रजभाषा, खड़ीबोली तथा बुंदेली कौन-सी भाषा की उपभाषाएँ हैं? (अ) राजस्थानी (ब) पहाड़ी (स) बिहारी (द) पश्चिमी

उत्तर : (द) पश्चिमी

(ग) जर्मन भाषा की लिपि कौन-सी है? (अ) देवनागरी (ब) गुरुमुखी (स) फ़ारसी (द) रोमन

उत्तर : (द) रोमन

(घ) ध्वनियों के लिखने की विधि को क्या कहते हैं? (अ) अक्षर (ब) वर्ण (स) लिपि (द) व्याकरण

उत्तर : (स) लिपि

(ङ) किसी भी विषय के व्याकरण से उस भाषा का क्या बना रहता है? (अ) आदर (ब) अनुशासन (स) बल (द) उत्थान

उत्तर : (ब) अनुशासन

**5. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ लिखें:**

(क) हिंदी

उत्तर : देवनागरी

### (ख) उर्दू

उत्तर : फ़ारसी

### (ग) बांग्ला

उत्तर : बाँग्ला (बंगाली)

### (घ) गुजराती

उत्तर : गुजराती

### (ङ) अंग्रेज़ी

उत्तर : रोमन

### (च) संस्कृत

उत्तर : देवनागरी

## 6. उचित मिलान करें:

उत्तर : उपभाषाओं को उनकी सही बोलियों से मिलाने का सही क्रम इस प्रकार है:

(क) बिहारी हिंदी ............भोजपुरी

(ख) पहाड़ी हिंदी ..........गढ़वाली

(ग) राजस्थानी हिंदी .......... जयपुरी

(घ) पूर्वी हिंदी ............ अवधी

(ङ) पश्चिमी हिंदी ......... ब्रजभाषा